**एक नजर में**

### आज सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बिजली कटौती

**गुना।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मेंटेनेंस कार्य के चलते 19 मई को बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार, 33/11 केवी कैंट मातापुरा सब स्टेशन के कैंट सिटी और पुलिस लाइन फीडर पर काम होने के कारण सुबह 08 से दोपहर 02 बजे तक पटेल नगर, ढौंगापुरा, गुलाबगंज, खेजरा रोड, कालापाठा, कैंट चौराहा, पुलिस लाइन, सिविल लाइन, मातापुरा और सदर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी। इसी तरह 220 केवी उपकेंद्र पर कंडक्टर बदलने और हड्डीमील सब-स्टेशन पर मेंटेनेंस के चलते सुबह 08 से दोपहर 02 बजे तक राज कॉलोनी, बीजी रोड, आदर्श नगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, साई सिटी, भुल्लनपुरा, श्रीराम कॉलोनी, रसीद कॉलोनी और संस्कार सिटी क्षेत्र में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। बिजली कंपनी के अनुसार कार्य की आवश्यकता के आधार पर कटौती का समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

**सनसनीखेज** — नगरपालिका अध्यक्ष के पदनाम की फर्जी सील लगाई, उस पर लिखा था-महानगरपालिका

# फर्जीवाड़ा : करोड़ों की जमीन हड़पने की साजिश उजागर !

नवभारत न्यूज

**गुना 18 मई का। गुना जिले में फजीर्वाड़े और धोखाधड़ी का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक गलियारों से लेकर राजनीतिक हलकों तक हड़कंप मचा दिया है। शहर की प्रथम नागरिक यानी नगरपालिका अध्यक्ष के ही फर्जी हस्ताक्षर और सील का उपयोग कर करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि का पट्टा हासिल करने का एक बड़ा प्रयास किया गया।**

इस गंभीर धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद सोमवार को खुद नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता अपने अभिभाषक मनोज श्रीवास्तव के साथ कैंट थाने पहुंचीं। उन्होंने थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन सौंपकर आरोपी सत्येंद्र सिंह रघुवंशी के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और शासकीय प्रक्रियाओं का दुरुपयोग करने की विभिन्न धाराओं में तत्काल केस दर्ज (एफआईआर) करने की मांग की है। कैंट थाने में दिए गए शिकायती आवेदन के अनुसार, यह पूरा मामला आरोन तहसील के ग्राम देहरी निवासी सत्येंद्र सिंह रघुवंशी नामक व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। आरोपी सत्येंद्र ने गुना के गोपालपुरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 142 (कुल रकबा 29.961 हेक्टेयर) और सर्वे क्रमांक 231 (कुल रकबा 26.9500 हेक्टेयर) की विशाल भूमि पर फलदार आम के वृक्ष लगाने के नाम पर वृक्षारोपण पट्टा प्राप्त करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में आवेदन दिया था।



इस आवेदन के साथ उसने नगरपालिका अध्यक्ष की एक फर्जी अनुशंसा रिपोर्ट भी संलग्न की थी। जब इस पट्टे को लेकर एसडीएम कार्यालय स्तर पर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की गई, तब आरोपी की यह कूटनीति और फजीर्वाड़ा पकड़ में आया। दरअसल, शातिर आरोपी ने दस्तावेज पर जो फर्जी सील लगाई थी, उसमें अध्यक्ष, महा नगरपालिका गुना अंकित था। जबकि सर्वविदित है कि गुना में नगरपालिका परिषद अस्तित्व में है, यहाँ कोई महानगरपालिका नहीं है। इस तकनीकी चूक के अलावा जब सील के ऊपर किए गए हस्ताक्षरों का मिलान किया गया, तो वे भी नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के मूल हस्ताक्षरों से पूरी तरह भिन्न और फर्जी पाए गए।

आरोपी ने इस कूटरचित दस्तावेज के सहारे इतनी बड़ी सरकारी जमीन का पट्टा अपने नाम कराने की पूरी तैयारी कर ली थी।

**एसडीएम से जिला पंचायत और पटवारी तक पहुंच गई फाइल**

इस पूरे मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि आरोपी का यह फजीर्वाड़ा शुरूआती स्तर पर पकड़ा नहीं जा सका और फाइल लगातार आगे बढ़ती रही। एसडीएम कार्यालय में फर्जी अनुशंसा पत्र जमा होने के बाद, यह आवेदन आगे की विभागीय कार्रवाई के लिए जिला पंचायत कार्यालय भेजा गया। वहाँ से यह फाइल तहसीलदार कार्यालय पहुंची और फिर तहसीलदार ने इसे मौका मुआयना व स्थलीय जांच के लिए हल्का पटवारी के पास भेज दिया। जब फाइल पटवारी स्तर पर पहुंची और उन्होंने दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल शुरू की, तब जाकर इस पूरे गंभीर घालमेल से पर्दा उठा। पटवारी स्तर पर जांच के दौरान ही यह बात सामने आई कि नपा अध्यक्ष की सील और दस्तखत फर्जी हैं। इसके बाद जब इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष को अवगत कराया गया, तब जाकर उन्हें भनक लगी कि उनके नाम पर शहर में इतना बड़ा फजीर्वाड़ा चल रहा है।

**राजनीतिक प्रतिद्वंदिता की आशंका**

इस मामले को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम के पीछे किसी बड़ी राजनीतिक प्रतिद्वंदिता और उन्हें बदनाम करने या फंसाने की साजिश होने की आशंका जताई है। उनका मानना है कि बिना किसी राजनीतिक शह या ऊंचे संपर्कों के कोई आम व्यक्ति सीधे शहर की प्रथम नागरिक के फर्जी दस्तावेज तैयार करने की हिम्मत नहीं कर सकता। वहीं, नपा अध्यक्ष के अभिभाषक मनोज श्रीवास्तव ने इस मामले में प्रशासनिक व्यवस्था पर भी तीखे सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कैंट पुलिस से मांग की है कि इस मामले में केवल मुख्य आरोपी सत्येंद्र सिंह रघुवंशी ही नहीं, बल्कि एसडीएम कार्यालय और जिला पंचायत सीईओ कार्यालय के उन संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की भी सघन जांच की जानी चाहिए, जिनके टेबल से होकर यह फर्जी फाइल इतनी आसानी से आगे बढ़ गई।



## भाई-बहन की मौत के बाद भी अज्ञात वाहन का सुराग नहीं

**गुना।** आरोन-पनवाड़ी हाट के पास गुरुवार देर शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे में भाई-बहन की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका है। इस बीच, न्याय और कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित माता-पिता सोमवार को एसपी दफ्तर पहुंच गए। आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम महुआखेड़ा निवासी विशन पंथी का पुत्र विपिन गुरुवार देर शाम अपनी बहन शिवानी को परीक्षा दिलाकर गुना से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोन-पनवाड़ी हाट के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि विपिन और शिवानी की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिजनों ने अज्ञात वाहन की तलाश और आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है और आरोपियों की तफ्तीश व उचित कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 20 दिनों का समय दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना के संबंध में एक संदिग्ध वाहन की पहचान की गई है, जिसके स्टाफ को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अचानक उजड़े आशियाने और दोनों बच्चों को खोने के गम में डूबे परिजनों ने जिला प्रशासन से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई है। पीड़ित माता-पिता ने कलेक्टर से मुलाकात कर उचित राहत राशि स्वीकृत किए जाने की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की बारीकी से जांच कर रही है।



## राममय हुई राघौगढ़ की धरा, हनुमान आश्रम पर श्रीराम महायज्ञ शुरू, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**राघौगढ़।** भैंसाना हनुमान आश्रम की भूमि पर श्रीराम महायज्ञ में रामजी के पधारने का आह्वान हजारों श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा एवं यज्ञ स्थापना से शुरू हुआ। जहाँ सोमवार को महायज्ञ के लिए हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं एवं यजमानों सहित तपोनिष्ठ पं. गुड्डा महाराज के सानिध्य एवं विधायक जयवर्धन सिंह की मौजूदगी में पार्वती नदी से निकाली गई विशाल कलश यात्रा के दौरान यज्ञ क्षेत्र दूर-दूर तक राम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। जहाँ पुष्प वर्षा से शुरू हुई कलश यात्रा दो किलोमीटर चलकर यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस दौरान वेदाचार्यों ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ स्थापना कराते हुए रामजी सहित देवी-देवताओं का आह्वान किया।

सोमवार को श्रीराम महायज्ञ से शुरू हुआ त्रिवेणी महाअनुष्ठान का अद्भुत नजारा पार्वती नदी से भैंसाना यज्ञस्थल तक उस समय सामने आया, जब व्यापक इंतजामों के बीच हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं एवं डेढ़ हजार से अधिक यजमानों द्वारा केसरिया ध्वजा के साथ पार्वती से यज्ञस्थल तक रामजी के जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान वेदाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच डेढ़ हजार से अधिक यजमानों को यज्ञ मंडप प्रवेश कराते हुए देवस्थापना कराई गई। पुलिस प्रशासन की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों के बीच शुरू हुए महायज्ञ के प्रथम दिन हजारों श्रद्धालुओं की आस्था यज्ञस्थल पर उमड़ती सामने आई। इस दौरान यज्ञमंडप में यज्ञकर्ता तपोनिष्ठ पं. बृजकिशोर पारीक (गुड्डा महाराज) ने यजमानों एवं श्रद्धालुओं के बीच कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज श्रीहनुमानजी की धरती पर श्रीरामजी सहित देवी-देवताओं का आगमन हो रहा है। हमें श्रीराम महायज्ञ के त्रिवेणी अनुष्ठान का धर्मलाभ उठाने की जरूरत है। धर्म, अध्यात्म और प्राचीन संस्कृति के स्वरूप में सामने आई भैंसाना की भूमि पर शुरू हुए श्रीराम महायज्ञ को लेकर हजारों स्वयंसेवक यज्ञस्थल पर सेवाएं देने के लिए मैदान में पहुंच चुके हैं। जबकि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के दिशा-निर्देशन में राघौगढ़ एसडीएम अमित सोनी, डिप्टी कलेक्टर एवं एसडीओपी दीपा डुडवे यज्ञस्थल की आवागमन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक्शन में नजर आ रहे हैं। जहाँ एसडीओपी एवं सभी थाना क्षेत्रों के नगर निरीक्षक एवं पुलिस बल सहित गुना-ग्वालियर के दो सौ सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं।

## मकान के बंटवारे को लेकर बड़े ने छोटे भाई को चाकू मारा, घायल युवक भोपाल रेफर

**गुना।** पारिवारिक संपति और मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बड़े भाई ने छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू लगने से छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद देर रात ही भोपाल रेफर किया गया है। पेशे से ड्राइवर पीड़ित श्याम सुंदर पुत्र महेश सिंह जाट का अपने बड़े भाई महावीर जाट के साथ पिता के मकान के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। श्याम सुंदर का आरोप है कि उसका बड़ा भाई महावीर अकेले पूरे मकान पर कब्जा करना चाहता है, जबकि श्याम सुंदर का कहना था कि पिता के इस मकान में दोनों भाई साथ रह सकते हैं। रविवार रात करीब 11 बजे इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच एक बार फिर बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। विवाद बढ़ने पर जब पीड़ित श्याम सुंदर ने अपने बड़े भाई महावीर को पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी, तो महावीर आक्रोशित हो गया। उसने तैश में आकर पास रखा चाकू श्याम सुंदर के पेट में घोंप दिया। घटना के तुरंत बाद सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल श्याम सुंदर को रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## रेलवे के 30 हजार पद समाप्त करने का पुरजोर विरोध




**गुना।** रेलवे बोर्ड द्वारा देश भर में 30 हजार पदों को समाप्त किए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ रेल कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसके विरोध में पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के तत्वावधान में गुना रेलवे स्टेशन के वीआईपी गेट के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने रेलवे बोर्ड के इस फैसले को पूरी तरह श्रमिक विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी परिषद ने रेलवे प्रशासन और बोर्ड के सामने तीन मांगें रखीं। जिनमें रेलवे बोर्ड द्वारा 30 हजार पदों को समाप्त करने के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने, रेलवे में लंबे समय से खाली पड़े पदों पर अविलंब स्थाई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और रेल कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों और श्रमिक हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न करना शामलि है। धरना प्रदर्शन के दौरान मौजूद कर्मचारियों के हाथों में रेलवे बोर्ड के आदेश के विरोध में लिखे स्लोगन वाले पोस्टर और तख्तियां थीं। कर्मचारियों ने केंद्र सरकार और रेलवे बोर्ड की नीतियों के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया। वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ रेलवे में काम का दबाव बढ़ रहा है

# युवक को नकाबपोशों ने घेरा, मुंह पर कपड़ा डालकर लूट

**गुना। कैंट थाना क्षेत्र के नानाखेड़ी चौराहे पर रविवार रात चार नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक को अगवा कर लिया। बदमाशों ने बेरहमी से बेल्टों से पीटकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गए। आरोप है कि पीड़ित पक्ष द्वारा रंगे हाथों पकड़कर सौंपे गए आरोपी को पुलिस ने कथित तौर पर रात में ही छोड़ दिया। एफआईआर दर्ज न होने से परेशान पीड़ित परिवार सोमवार सुबह एसपी ऑफिस न्याय की गुहार लगाने पहुंचा है।**

जानकारी सामने आई है कि पीड़ित दयाराम कुशवाह रविवार रात करीब 11 बजे नानाखेड़ी चौराहे के पास स्थित एक डेयरी से दूध लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घात लगाए बैठे चार नकाबपोश बदमाशों ने अचानक दयाराम को घेर लिया। बदमाशों ने उसके सिर पर कपड़ा डाला और उसे अगवा कर सुनसान जगह ले गए, जहां बेल्टों से उसकी बर्बरतापूर्वक पिटाई शुरू कर दी। मारपीट में दयाराम की आंख में गंभीर चोट आई है। इसी बीच एक बदमाश ने उसका मोबाइल भी छीन लिया। चीख-पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे एक मोटरसाइकिल चालक ने हिम्मत दिखाई और दयाराम की मदद करते हुए भाग रहे बदमाशों में से एक आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी लगातार इधर-उधर की बातें कर गुमराह करने की कोशिश करता रहा। पीड़ित पक्ष ने तत्काल डायल-112 को मौके पर बुलाया और पकड़े गए युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित ने आरोपी से वह बेल्ट भी छीन ली थी जिससे उसकी पिटाई की जा रही थी। कैंट पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने और आरोपी को छोड़े जाने से आक्रोशित पीड़ित परिवार सोमवार सुबह सीधे एसपी कार्यालय पहुंच गया। परिजनों ने पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने का सीधा आरोप लगाया। दयाराम की आंख और शरीर पर गंभीर चोटों को देखते हुए परिजनों ने एसपी से गुहार लगाई है कि सबसे पहले उसका शासकीय मेडिकल कराया जाए और दोषी बदमाशों सहित लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए। पीड़ित पक्ष अपने साथ वह बेल्ट भी साक्ष्य के रूप में एसपी ऑफिस लेकर पहुंचा था, जिससे वारदात को अंजाम दिया गया था।



### लाइनमैन की लापरवाही से मजदूर को लगा करंट

**गुना।** हड्डीमील क्षेत्र में बिजली विभाग की बड़ी और बेहद गंभीर लापरवाही सामने आई है। लाइनमैन द्वारा बिना उचित सुरक्षा और परमिट के एक मजदूर को खंभे पर चढ़ा दिया गया, जिसके कारण वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी सामने आई है कि हड्डीमील क्षेत्र में बिजली कंपनी द्वारा ठेके पर बिजली के खंभों पर केबल डालने का काम चल रहा है। इस काम के लिए ऊमरी निवासी मजदूर दीपक पुत्र रामदयाल सहरिया वहां पहुंचा था। मौके पर मौजूद बिजली विभाग के लाइनमैन ने दीपक को भरोसा दिलाया कि उसने लाइन का परमिट ले लिया है और लाइन बंद है। लाइनमैन के इसी आश्वासन पर भरोसा करके दीपक खंभे पर चढ़ गया। दीपक जैसे ही खंभे पर चढ़कर केबल बांधने लगा, अचानक चालू लाइन में करंट आ गया। झटका इतना जोरदार था कि दीपक के दोनों पैर, कमर और हाथ बुरी तरह जल गए और उसके शरीर में आग लग गई। ऊंचाई से नीचे गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें भी आई हैं। घटना के तुरंत बाद ठेकेदार ने बिजली विभाग के ही वाहन से घायल दीपक को जिला अस्पताल पहुंचाया। खबर सुनते ही दीपक की मां, गीताबाई सहरिया, गहरे सदमे में आ गईं और उनकी तबीयत भी अचानक बिगड़ गई।



## 70 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**गुना। गुना पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत आरोन थाना पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब और तस्करी में प्रयुक्त बाइक जब्त की है।**

आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार के मुताबिक, 17 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टगराई-बनियाई रोड पर एक व्यक्ति बाइक पर अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और भागने का प्रयास कर रहे आरोपी राजेश पारदी (26) निवासी ग्राम माधौगढ़ (अशोकनगर) को धर दबोचा। जांच करने पर आरोपी के पास से 7 हजार रुपये कीमत की 70 लीटर अवैध शराब और 60 हजार रुपये मूल्य की होंडा शाइन मोटरसाइकिल जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

**गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागीय कार्यों एवं जनहित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर ह्लनॉट अटेंडेडह्व शिकायत नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विभाग प्रमुखों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और आमजनों की समस्याओं का निराकरण करना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को नियमित रूप से चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण और उन्हें जागरूक व सशक्त बनाया जा सके। इसके अलावा भूमि आवंटन से संबंधित लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए कहा गया।



**ज्ञान भारतम् पोर्टल के लिए ऐतिहासिक धरोहरों का होगा संकलन**

बैठक की शुरूआत में ह्लज्ञान भारतम् पोर्टलह्व के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि 75 वर्ष से अधिक पुराने ग्रंथ, वेद, पांडुलिपियां एवं अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों का संकलन पोर्टल पर किया जाना है। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर ऐसी पुरानी धरोहरों का संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करें।

**पेयजल, बिजली कटौती एवं नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतर्कता बरतने के निर्देश**

विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि रणनीति बनाकर कार्य करें तथा ऐसे समय में बिजली कटौती न की जाए जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो। नरवाई जलाने की घटनाओं को लेकर भी कलेक्टर ने सभी एसडीएम को लगातार मॉनिटरिंग करने एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने अधिकारियों एवं आमजनों से अपील की कि जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ जैसे अवसरों पर अधिक से अधिक प्याऊ स्थापित कर समाजहित में योगदान दें।

**ड्रॉप आउट बच्चों पर विशेष फोकस एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग पर जोर**

शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुन: स्कूल से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि हर बच्चा शिक्षा से जुड़ सके। महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो और इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए।